महत्वपूर्ण एवं खास

बैंकों में आज से 2 दिन हड़ताल

रायपुर (आरएनएस)। देशभर के बैंकों में 16 और 17 दिसंबर को कामकाज प्रभावित रहने की आशंका है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने निजीकरण के विरोध में इन दो दिनों हड़ताल का आह्वान किया हैं। इसको लेकर भारतीय स्टेट बैंक समेत अधिकांश बैंकों ने ग्राहकों को अलर्ट मैसेज भेजा है।

आत्महत्या करने वाले युवक की पुलिस ने बचाई जान

कोरबा (आरएनएस)। दर्री थाना अंतर्गत आने वाले अयोध्यापूरी में परिवारिक विवाद से त्रस्त एक युवक आत्महत्या करने फांसी पर लटक रहा था। इस मामले की सूचना उसकी पत्नी ने दर्री थाना को दी । महिला उनके पति को बचाने की पुलिस से गुहार लगाई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए दर्री थाना में पदस्थ 112 के पुलिस कर्मी शैलेन्द्र भोसले को तत्काल रवाना किया गया। थाना प्रभारी दर्री को सूचना दी गयी। दर्री थाना के 112 में तैनात शैलेन्द्र भोसले जब अयोध्या पूरी पहुंचे तो सूरज पाल चौहान फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था। आरक्षक की सूझबूझ से युवक को नीचे उतारा गया। और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बहरहाल आरक्षक की सूझ बुझ से एक युवक की जान बच गई है।

गुरू घासीदास जयंती पर 18 को बंद रहेंगे मांस-मटन विक्रय केन्द्र

रायपुर (आरएनएस)। गुरू घासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर शनिवार को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय ने रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरू घासीदास जयन्ती 18 दिसम्बर शनिवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस-मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस 21 को परिवर्तित मार्ग से रवाना होगी

रायपुर (आरएनएस)। उत्तर पूर्व रेलवे के छपरा-बलिया खंड के गौतम आस्थान रेल्वे स्टेशन में दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से 21 दिसम्बर को गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से होकर चलगी। ये गाड़ी 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ओरिहार-भटनी-छपरा होकर रवाना होगी।

टीईटी-20 परीक्षा 9 जनवरी को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी-20) 9 जनवरी 22 को आयोजित की जा रही है। कोविड-19 महामारी के चलते स्थगित की गई टीईट-20 परीक्षा को लेकर छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल के सलाहकार डा. प्रदीप चौबे ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छग के अंतर्गत शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन पूर्व में 22 मार्च 2020 को किया जाना था, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण यह परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। बताया गया कि इस परीक्षा के लिए पूर्व में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किये ये थे उन्हें दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। सिर्फ नये अभ्यर्थियों को आवेदन करना होगा। नये अभ्यर्थी 19 दिसंबर तक आवेदन कर सकते है। 20 और 21 दिसंबर को त्रुटि सुधार के लिए तारीख निर्धारित की गई है।

नरवा में चेकडेम के निर्माण से बालमगोड़ा में बढ़ेगी हरियाली

रायगढ़। छ.ग.शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी पर आधारित तीन दिवसीय किसान संगोष्ठी एवं कृषि प्रदर्शनी मेला 13 से 15 दिसम्बर 2021 को ग्राम बालमगोड़ा में आयोजित हुआ। यह आयोजन इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ.एस. एस.सेंगर के विशेष पहल एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यह आयोजन इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़, कृषि विभाग छ.ग. शासन एवं ग्राम पंचायत बालमगोड़ा रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस आयोजन के तृतीय एवं अंतिम दिवस पर इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय रायपुर के प्रमुख मृदा वैज्ञानिक डॉ.के.के.साहू के नेतृत्व में सुबह ग्राम बालमगोड़ा के भूमि एवं जल संसाधन का सर्वेक्षण किया गया गॉव के गोविन्द नाला में जल संग्रहण एवं संरक्षण हेतु कार्ययोजना तथा नाले के किनारे एवं आस-पास पड़त भूमि में सघन वृक्षारोपण एवं भूमि कटाव को रोकने हेतु समुचित तकनीकी के बारे में कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इंजी.श्री आर. के. स्वर्णकार, (मृदा एवं जल संरक्षण) वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पी.एल.पटेल, सर्वेक्षण कार्यालय रायगढ़ के भू-सर्वेयर सुरेन्द्र मिरी सरपंच रमेश कुमार चौहान, उप-सरपंच कन्हैया लाल पटेल एवं अन्य स्थानीय कृषकों की सर्व सहमति से योजना तैयार किया गया। इस योजना के क्रियान्वन हेतु भूमि एवं जल

संरक्षण अधिकारी सैधांतिक स्वीकृति दी गई। यह भी निर्णय लिया गया कि यथाशीघ्र चेक डेम एवं स्टाफ डेम निर्माण हेतु कृषि विभाग को विस्तृत प्रस्ताव भेजा जायेगा जिसमें स्थानीय कृषकों ने जन भागीदारी देने के लिए सहमति व्यक्त की।

किसान संगोष्ठी में कृषि महाविद्यालय रायपुर से पधारे प्रमुख वैज्ञानिक एवं तीन दिवसीय राज्य स्तरीय किसान संगोष्ठी के समन्वयक डॉ.के.के. साहू, द्वारा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती भू-जल संवर्धन पर विषेष तकनीकी जानकारी दी गई तथा कृषि वानिकी एवं कृषि में किये जा रहे नवाचार के विभिन्न पहलुओं एवं तरीकों का विस्तृत चर्चा की गई साथ ही उन्होंने जिले के कृषकों को अपने आस-पास उपलब्ध फसलों एवं वृक्षो में विलक्षण गुणों को पहचान कर पेटेंट कराने हेतु प्रेरित किया गया। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह द्वारा पौध रोग व मसाला वर्गीय फसलों पर जानकारी दी गई। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख इंजी. आर.के.स्वर्णकार द्वारा मृदा व जल संरक्षण के वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इंजी.स्वर्णकार ने कृषि विज्ञान केन्द्र की भूमिका एवं क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्र के गृह विज्ञान विषेषज्ञ डॉ.(श्रीमती) मनीषा चौधरी द्वारा पोषण वाटिका, एक दिन की मेरी थाली एवं पोषण थाली पर प्रकाश डाला गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.के.डी.महंत ने मृदा स्वास्थ्य एवं कृषि में किये जा रहे नवाचार को बढ़ावा देते हुए एवं आये दुगुनी करने हेतु समन्वित कृषि प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ.एन.सी.बंजारा एवं डॉ. सरिता अग्रवाल द्वारा उद्यानिकी फसलों की वैज्ञानिक खेती पर विस्तार से चर्चा की। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पी.एल. पटेल एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दाताराम नायक ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस मेला में कृषि की उन्नत तकनीकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इस संगोष्ठी में कृषि रत्न डॉ. खूबचंद बघेल पुरूस्कार से सम्मानित कृषक मुकेश चौधरी भी उपस्थित थे। इस तीन दिवसीय किसान संगोष्ठी में उपस्थित कृषकों को फलदार वृक्ष एवं कृषि तकनीकी साहित्य का वितरण किया गया। डॉ.के. के.साहू, इंजी. आर. के. स्वर्णकार, डॉ.के.डी.महंत, सरपंच, उप-सरपंच गांव के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भूमि के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु तकनीकी जानकारी प्रदान की गई एवं स्कूल परिसर में फलदार वृक्षारोपण एवं पोषण वाटिका हेतु सुझाव दिये गये।

कांदुलनार से हथियार व बारूद के साथ 3 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना मोदकपाल एवं केरिपु 170 बटालियन की संयुक्त पार्टी अभियान पर ग्राम चिन्नाकवाली, कांदुलनार की ओर निकली थी। इस दौरान 15 दिसंबर 2021 को रात्रि में ग्राम कांदुलनार के पास 03 नक्सलियों गोटे लक्ष्मैया, राजू यालम एवं अंगनपल्ली हनमैया को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार नक्सलियों में 1. गोटे लक्ष्मैया पिता समैया निवासी जब्बापारा कांदुलनार थाना मोदकपाल, जिसके कब्जे से 01 लोडेड भरमार बंदुक, 500 ग्राम लीड, 150 ग्राम गन पावडर, रेतमल 01 नग, चाकू 01 नग बरामद किया गया। 2. राजू यालम पिता समलू निवासी जब्बापारा, कांदुलनार थाना मोदकपाल 3. अंगनपल्ली हनमैया पिता किस्टैया निवासी स्कूलपारा कांदुलनार दोनो से मोबाईल, आरसी बुक जो सुनिल विश्वास के नाम से है बरामद किया गया। थाना मोदकपाल में आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्यवाही के उपरांत बीजापुर न्यायालय में पेश किया गया है।

15 व 20 किलो वजनी के 2 आईईडी बरामद

कोंडागांव (आरएनएस)। जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत गश्त सर्चिंग के दौरान मुखबीर से मिली सुचना के आधार पर केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम मुरवेंड व होनहेड़ के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलो को नुकसान पहुंचाने की नीयत से मुरवेंड व होनहेड़ के मध्य पक्की सड़क/डामर रोड में लगभग 10 फीट नीचे सुरंग बनाकर 15 किलोग्राम व 20 किलोग्राम की 02 नग टिफिन बम के साथ 02 नग डेटोनेटर, 100 मीटर कार्डेक्स वायर व 10 मीटर सामान्य वायर बरामद कर सुरक्षा की दृष्टि से इसे मौके पर ही विष्फोट कर नष्ट किया गया।

दो लाख की ईनामी डिवीजन डॉ. टीम की महिला नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। जिले में चलायें जा रहे नक्सल उन्मुलन पुना नर्कोम अभियान के तहत नक्सलियों के अमानवीय एवं आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर दो लाख की ईनामी डिवीजन डॉक्टर टीम की महिला नक्सली कमांडर बदरी उर्फ देवे ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

आत्मसमर्पित महिला नक्सली बदरी उर्फ देवे को वर्ष 2006-2007 में तत्कालिन कोंटा एरिया कमेटी डीव्हीसी विजय द्वारा संगठन में भर्ती कराया गया था। तत्पश्चात नक्सल संगठन में विभिन्न पदो पर क्रमशः गोलापल्ली एलओएस सदस्य, किस्टाराम एरिया डॉक्टर टीम सदस्य, 2013 में एसीएम पद उपरांत किस्टाराम एरिया डॉक्टर टीम कमांडर तथा वर्ष 2016 से डिवीजन डॉक्टर टीम कमांडर के पद पर कार्यरत रहीं। इस दौरान नक्सल संगठन में कार्यरत कई कैडरो को उपचार आत्मसमर्पित महिला नक्सली द्वारा किया गया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली को शासन की पुर्नवास योजना के तहत प्राप्त होने वाले अन्य सुविधायें नियमानुसार प्रदान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे धान खरीदी केन्द्रों में: व्यवस्था का लिया जायजा

» राजनांदगांव के जालबांधा और दुर्ग के बिरेझर धान खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान खैरागढ़ विकासखंड के जालबांधा और वहां से लौटते हुए दुर्ग जिले के ग्राम बिरेझर के धान खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया । जालबांधा धान खरीदी केंद्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों से मिलकर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिए और धान खरीदी व्यवस्था के सम्बंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री द्वारा धान की तौलाई करवा रहे किसानों से धान के किस्म और बारदाने की उपलब्धता की जानकारी पूछे

जाने पर किसानों ने बताया कि वे केन्द्र में अच्छी व्यवस्था के चलते अपना धान सुगमता से बेच रहे हैं। किसानों द्वारा समिति से उपलब्ध कराए गए बारदाने तथा स्वयं के बारदाने में भी धान का विक्रय किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, लोकस्वास्थ्य एवँ यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्र कुमार और छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल भी उनके साथ थे।

चर्चा के दौरान केंद्र में उपस्थित ग्राम पेटी के किसान बिसौहा लोधी ने बताया कि वे लगभग डेढ़ एकड़ भूमि में खेती करते हैं और आज 51 कट्टा धान बेचने आये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके द्वारा धान की 6444 किस्म की फसल ली गयी थी । ग्राम पवनतरा की महिला किसान श्रीमती त्रिवेणी वर्मा ने आज 55 कट्टा धान, पवनतरा के किसान महेन्द्र वर्मा ने 170 कट्टा धान बेचने आए हैं। ग्राम पेटी के किसान दिलीप वर्मा ने बताया कि वे भी दूसरी बार धान विक्रय का रहे हैं। पहली बार उन्होंने 300 कट्टा धान और आज 258 कट्टा धान बेचा है।

राजनांदगांव दौरे से वापसी के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का काफ्लिा धान खरीदी केंद्र बिरेझर में रूका और मुख्यमंत्री सीधे धान बेचने आये किसानों से मिलने पहुंच गये। मुख्यमंत्री ने किसानों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से इस साल की धान की फसल के बारे में पूछा। किसानों ने बताया कि इस साल वर्मी कंपोस्ट खेतों में डाला, इसका परिणाम बहुत अच्छा रहा। बिरेझर के किसान ईश्वर लाल धनगर ने बताया कि वर्मी कंपोस्ट डालने से मुझे बहुत लाभ हुआ। जमीन की उर्वरा शक्ति में इजाफा हुआ।

प्रेशर आईईडी से तेलंगाना पुलिस के घायल जवान को टीप्पापुरम कैंप लाया गया

सुकमा (आरएनएस)। जिले के छत्तीसगढ़ की सीमा क्षेत्र से लगे तेलंगाना के भद्राद्री-कोत्तागुड़े जिले के चेरला थानाक्षेत्र अंतर्गत बठिनपल्ली इलाके के जगंल में तेलंगाना ग्रेहाउंड्स और विशेष पुलिस पार्टी सर्चिंग आपरेशन पर निकली थी, इसी दौरान बुधवार की शाम को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की जद में तेलंगाना पुलिस का एक जवान आ गया। बारूदी विस्फोट की इस घटना में तेलंगाना पुलिस का कांस्टेबल कृष्णा प्रसाद घायल हुआ है। आईईडी विस्फोट के कारण उसके

दाहिने पैर में चोट लगी है। घटना के बाद जवान को मौके से निकालकर नजदीक सीमावर्ती प्रान्त छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के टीप्पापुरम सीआरपीएफ 151 बटालियन कैंप में जवान का इलाज चल रहा है, घायल जवान खतरे से बाहर सुरक्षित है।

रायपुर-विशाखापट्नम-रायपुर पैसेंजर 22 व 29 को टिटलागढ़- रायगढ़ के मध्य रद्द रहेगी

रायपुर (आरएनएस)। ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत टिटलागढ़-थेरुबाली सेक्शन में लिमिटेड हाइट सबवे एवं ब्रिज रिबिल्डिंग कार्य के लिए ट्रैफ्रिक कम पॉवर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर एवं 29 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 08527 रायपुर-विशाखापट्नम पैसेंजर को टिटलागढ़ में समाप्त किया जाएगा। 22 दिसम्बर एवं 29 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 08528 विशाखापट्नम- रायपुर पैसेंजर को रायगड़ा में समाप्त किया जाएगा। इस तरह 22 दिसंबर एवं 29 दिसम्बर को गाड़ी संख्या

08527/08528 रायपुर-विशाखापटनम-रायपुर की सेवाएं टिटलागढ़-रायगड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 21 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12808 निजामुद्दीन-विशाखापट्नम सुपरफास्ट एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से 2 घंटे 30 मिनट रीशेड्यूल कर रवाना किया जाएगा एवं 28 दिसम्बर को उक्त गाड़ी को 2 घंटे रीशेड्यूल कर रवाना किया जाएगा।

अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक हुई दुर्घटनाग्रस्त एक गंभीर

कोंडागांव (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर देर रात स्थानीय जयस्तंभ तिराहे के पास हुए एक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक जगदलपुर की ओर से रायपुर की ओर जा रहे रही अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार लोहरा पारा निवासी प्रभाकर को अपनी चपेट में लेते हुए डिवाइडर तोड़कर दूसरी ओर सड़क किनारे खड़ी एक वाहन को ठोकर मार दी। घटना के बाद नाराज राहवासियो ने ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही धुनाई शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पहुची कोतवाली पुलिस ने मामला शांत करवाया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतत्पर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिले छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नंबर 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरकेश्वर श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन व्यक्ति की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जनजागरण का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

समग्र शिक्षा रायगढ़ छत्तीसगढ़ एवं अरविंद सोसाइटी द्वारा ई-प्रदर्शनी आयोजित

» ऑनलाइन ई-प्रदर्शनी में जिले के नवाचारी शिक्षकों ने अपने साझा किए अपने नवाचार

रायगढ़। समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ और अरविंद सोसाइटी के सम्मिलित प्रयासों से जिले के नवाचारी शिक्षकों के लिए शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत ई-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिले के 20 नवाचारी शिक्षकों ने एक -एक कर अपने शून्य निवेश नवाचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य, जिला मिशन समन्वयक रायगढ़ आर.के.देवांगन एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ भुवनेश्वर पटेल एवं अशोक शर्मा राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रमुख, रूपांतर अरविंद सोसाइटी ने आयोजन में भाग लिया।

शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि आर.पी.आदित्य ने कहा कि टी.एल.एम.के उपयोग से कक्षा शिक्षण रोचक बनता है और इससे विद्यार्थियों के अधिगम में सुधार होता है। आदित्य ने शून्य निवेश नवाचारों पर कहा कि कोरोना काल में विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ा है। हालांकि शिक्षकों ने सीखने की प्रक्रिया को बनाए रखने और अधिगम स्तर में आए अंतर को दूर करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन समय के अभाव और सीमित संसाधनों के बीच विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बढ़ाने के लिए शिक्षकों के नवाचारों का उपयोग करना कारगर सिद्ध होगा। हमें आशा है कि ई-प्रदर्शनी में साथी शिक्षकों के नवाचारों को देख अन्य शिक्षकगण भी शून्य निवेश नवाचार करने और टी.एल.एम.के माध्यम से पढ़ाने के लिए प्रेरित होंगे।

ऑनलाइन सत्र में शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए भुवनेश्वर पटेल ने कहा टीएलएम का इस्तेमाल करते हुए पढ़ाना सामान्य है, लेकिन आवश्यक यह है कि शिक्षकगण समय और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को देखते हुए नए टीएलएम विकसित करने के लिए प्रेरित हो। ऑनलाइन ई-प्रदर्शनी से शिक्षकों को नए नवाचार करने और नए टीएलएम बनाने के विचार आएंगे जिससे विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलेगा। किताब तक सीमित न रहकर जब शिक्षा को अनुभवात्मक बनाया जाता है तो छात्रों की रुचि पढ़ाई में बढ़ती है और उनके भीतर निरंतर सीखने की ललक जागृत होती है। नवाचारों के माध्यम से इस ध्येय को पूरा किया जा सकता है।

आयोजन के लिए शिक्षा अधिकारियों का धन्यवाद देते हुए और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए अरविंद सोसाइटी के रूपांतर कार्यक्रम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रमुख अशोक शर्मा ने कहा कि शिक्षकगण सभी सकारात्मक क्रांतियों के जनक हैं। उन्होंने कहा एक शिक्षक की इच्छा शक्ति और संकल्प सिद्ध करने की ताकत सबसे महान होती है क्योंकि यदि शिक्षक अपने कार्य सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं तो सभी अन्य क्षेत्र इससे प्रभावित होते हैं।